
# छत्तीसगढ़ प्री-बी.एड. परीक्षा हल प्रश्न-पत्र
# (12 मई, 2016)


## भाग–I
## सामान्य मानसिक योग्यता

**1.** निम्नलिखित चित्र में बनने वाले समबाहु त्रिभुजों की संख्या है–



(A) 1 (B) 16
(C) 8 (D) इनमें से कोई नहीं

**2.** संगत वर्गों की चारों भुजाओं को स्पर्श करते हुए वर्गों के अन्दर कितने वृत्त खींचे जा सकते हैं ?



(A) 9 (B) 10
(C) 13 (D) 14

**3.** विलुप्त संख्या ज्ञात कीजिए–

| | | |
|---|---|---|
| 2 | ? | 11 |
| 17 | 3 | 7 |
| 19 | 23 | 5 |

(A) 15 (B) 13
(C) 37 (D) 41

**4.** विलुप्त संख्या ज्ञात कीजिए–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | 0 | 3 | 5 |
| 2 | 2 | 2 | 3 |
| 3 | 2 | 3 | 1 |
| 3 | 5 | 1 | E |

(A) 0 (B) 1
(C) 2 (D) 5

**5.** विलुप्त संख्या ज्ञात कीजिए–

| | | |
|---|---|---|
| 3 | 8 | 5 |
| 7 | ? | 11 |
| 23 | 15 | 13 |

(A) 15 (B) 16
(C) 17 (D) इनमें से कोई नहीं

**6.** विलुप्त संख्या ज्ञात कीजिए–

| | | |
|---|---|---|
| 6 | 11 | 25 |
| 8 | 6 | 16 |
| 12 | 5 | E |


(A) 10 (B) 12
(C) 16 (D) 18

**7.** यदि '+' का अर्थ है '÷', '–' का अर्थ है '×', '×' का अर्थ है '–', तथा '÷' का अर्थ है '+', तब

$$2 - 6 + 4 \div 2 \times 4 =$$


(A) 0 (B) 1
(C) 2 (D) 3

**8.** यदि G = सरकारी क्षेत्र, P = निजी क्षेत्र, C = कॉर्पोरेट क्षेत्र तथा सम्बन्धित वृत्त के अन्दर के अंक हजार में समान तरह के स्कूलों को दर्शाते हैं, तो निजी क्षेत्र एवं कॉर्पोरेट क्षेत्र द्वारा, परन्तु सरकारी क्षेत्र द्वारा नहीं, संचालित स्कूलों की संख्या है–




(A) 7000 (B) 14000
(C) 8000 (D) 15000

**9.** यदि भारतीय बैंकों का पाँच उद्योगपतियों A, B, C, D तथा E पर 36,000 (करोड़ रुपए में) कर्ज है, तो E पर कितने करोड़ रुपए कर्ज है ?





(A) 18,000 (B) 13,500
(C) 6,000 (D) 1,350

**10.** यदि अक्षरों के स्थानीय मानों में A, B, C, D, ........ को लिया जाता है तथा '+', '–', '×', '÷' क्रमशः '÷', '×', '+', '–' को दर्शाते हैं, तब B + A – C × D ÷ E =


(A) 1 (B) 3
(C) 5 (D) 7

**11.** यदि निम्नलिखित चित्र को मोड़कर एक घन बनाया जाता है, तब 3 के विपरीत फलक पर कौन-सी संख्या होगी ?





(A) 1 (B) 4
(C) 5 (D) 6

**12.** *a* के विपरीत कौन-सा अक्षर होना चाहिए ?




(A) *d* (B) *e*
(C) *f* (D) *b*

**13.** यदि एक घन के फलकों को किसी खास तरीके से चिह्नित किया गया हो जैसा कि निम्नलिखित चित्र में दर्शाया गया है, तब 3 के विपरीत कौन-सी संख्या होगी ?




(A) 5 (B) 4
(C) 1 (D) 6

**14.** निम्नलिखित में से जो अलग है, उसे चुनिए–
(A) ताँबा (B) सोना
(C) चाँदी (D) पीतल

**15.** निम्नलिखित में से जो अलग है, उसे चुनिए–
(A) लिखना (B) पढ़ना
(C) ज्ञान (D) सुनना

**16.** निम्नलिखित में से जो अलग है, उसे चुनिए–
(A) 150 – 45 (B) 120 – 35
(C) 90 – 25 (D) 100 – 30

**17.** दी गई श्रेणी में लुप्त पद ज्ञात कीजिए–
5, 12, 39, 160, ?
(A) 510 (B) 805
(C) 780 (D) 800

**18.** दी गई श्रेणी में लुप्त पद ज्ञात कीजिए–
4, ?, 40, 121, 364
(A) 12 (B) 13

collegedunia
India's largest Student Review Platform

(C) 14 (D) 17

**19.** दी गई श्रेणी में लुप्त पद ज्ञात कीजिए—

325, 259, 204, 160, 127, 105, ?

(A) 94 (B) 96

(C) 98 (D) 100

**20.** दी गई अक्षर श्रेणी में लुप्त पद ज्ञात कीजिए—

EN, IR, MV, ?

(A) QZ (B) RU

(C) RV (D) QU

**21.** दी गई अक्षर श्रेणी में लुप्त पद ज्ञात कीजिए—

mnom — nommmn — om — nno — m

(A) oomm (B) nnmm

(C) mnmo (D) mnnm



**22.** दिए गए अक्षर श्रेणी में लुप्त पद ज्ञात कीजिए—



BZA, DYC, FXE, ?, JVI

(A) HUG (B) HWG


(C) UHG (D) WHG

**23.** निम्नांकित चार तर्क संगत चित्रों में से कौन-सा ऑटोमोबाइल, कार तथा मोटरसाइकिल के मध्य सम्बन्ध को सही–सही दर्शाता है ?

(A)  (B) 

(C)  (D) 

**24.** दिए गए चित्र के अनुसार निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है ?





(A) A और C तीनों आकृतियों में हैं

(B) A, B, C और D तीनों आकृतियों में हैं

(C) B, C और A तीनों आकृतियों में हैं

(D) केवल C तीनों आकृतियों में है


**25.** नीचे दिए गए चित्र में से कौन-सा क्षेत्र युवती व अभियंता है, परन्तु चित्रकार नहीं है, दर्शाता है ?




(A) E (B) G

(C) I (D) B

**26.** कौन-से अंक सिर्फ दो चित्रों के अन्दर आते हैं ?




(A) 7, 1 (B) 7, 2

(C) 8, 1 (D) 7, 3

**27.** यदि किसी कोड में 'RAIPUR' को 'IPAURR' लिखा जाता है, तो उसी कोड में 'NAGPUR' को कैसे लिखेंगे ?

(A) GPAUNR (B) PGUARN

(C) GPAURR (D) PGAURN

**28.** यदि HE = 41, SHE = 49, तो COME के बराबर होगा—

(A) 36 (B) 70


(C) 72 (D) 78

**29.** किसी सांकेतिक भाषा में DEAF को 3587 और FILLER को 746652 लिखा जाता है, उसी सांकेतिक भाषा में IDEAL को कैसे लिखेंगे ?

(A) 43568 (B) 43586

(C) 63548 (D) 48536

**30.** नौ इकाई त्रिज्या वाले वृत्त निम्नलिखित चित्र के अनुरूप रखे गए हैं तथा उनके केन्द्रों को क्षैतिजः, उदग्रतः एवं विकर्णतः जोड़ा गया है, तब बनने वाले वर्गों की संख्या है—



(A) 4 (B) 6

(C) 8 (D) 10

## भाग–II
## सामान्य योग्यता

**31.** वर्ष 2013 में भारत का लिंगानुपात असमानता सूचकांक था—

(A) 0.537 (B) 0.586

(C) 0.563 (D) 0.558

**32.** कुल उर्वरता दर की गणना किस प्रकार की जाती है ?

(A) $\dfrac{\text{जीवित जन्मे बच्चों की संख्या}}{\text{बच्चों को जन्म देने वाली आयु}} \times 1000$

समूह की माताओं की संख्या

(B) (१ वर्ष १. 5) आयु समूह में जीवित जन्मे बच्चों की संख्या / (१ वर्ष १. 5) आयु समूह की माताओं की संख्या ×1000

(C) योग (विशिष्ट आयुवर्ग की उर्वरता दर) × 5

(D) $\dfrac{\text{कुल जीवित जन्मे बच्चों की संख्या}}{\text{कुल मृत्यु की संख्या}}$

**33.** भारत में आयकर है—

(A) प्रत्यक्ष तथा उत्तरोत्तर प्रगतिशील

(B) अप्रत्यक्ष तथा उत्तरोत्तर प्रगतिशील

(C) प्रत्यक्ष तथा समानुपाती

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**34.** निम्नलिखित में से कौन-सी राशि (Quantity) बिना दिशा की होती है ?

(A) वेग (B) बल

(C) त्वरण (D) चाल

**35.** ग्रन्थि, जिसमें शरीर का थर्मोस्टेट होता है, है—

(A) पिट्यूटरी (B) थायरॉइड

(C) हाइपोथैलमस (D) इनमें से कोई नहीं

**36.** 'पोर्टलैण्ड सीमेंट' के आविष्कारक हैं—

(A) दमित्री मेंडलीव (B) जोसेफ अस्पदिन

(C) सैमुएल मोर्स (D) ग्राहम बेल

**37.** 'प्रावस्था नियम' को इनमें से किसने प्रतिपादित किया ?

(A) गुग्लील्मो मारकोनी

(B) ब्लेज पास्कल

(C) जे. विलार्ड गिब्स

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**38.** निम्नलिखित में उचित सम्बन्ध जोड़िए—

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| (a) उपग्रह अनुप्रयोग केन्द्र | 1. हैदराबाद |
| (b) विक्रम साराभाई अन्तरिक्ष केन्द्र | 2. तिरुवनन्तपुरम् |
| (c) राष्ट्रीय सुदूर संवेदी एजेन्सी | 3. बेंगलुरू |
| (d) भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान केन्द्र | 4. अहमदाबाद |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 2 | 3 | 4 | 1 |

**39.** त्रिभाषा सूत्र दिया गया था—

(A) मुदालियर शिक्षा आयोग द्वारा

(B) राधाकृष्णन आयोग द्वारा

(C) कोठारी आयोग द्वारा

(D) हन्टर आयोग द्वारा

**40.** कक्षा I से VIII तक के अध्यापक के रूप में नियुक्त होने के लिए 'न्यूनतम अर्हता' का निःशुल्क तथा अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 की किस धारा में उल्लेख



collegedunia
India's largest Student Review Platform

है ?

(A) धारा 23 (B) धारा 24

(C) धारा 22 (D) इनमें से कोई नहीं

**41.** पण्डित मदन मोहन मालवीय व राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण मिशन है एक—

(A) केन्द्रीय क्षेत्र की योजना

(B) राज्य क्षेत्र की योजना

(C) संयुक्त क्षेत्र की योजना

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**42.** निम्नलिखित में से किस योजना ने 15 अगस्त, 1947 को भारत और पाकिस्तान को सत्ता हस्तान्तरण की घोषणा की ?

(A) तृतीय जून योजना

(B) माउंटबेटन योजना

(C) वेवेल योजना

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**43.** औरंगजेब के समकालीन इतिहासकार खाफी खाँ द्वारा निम्नलिखित में से किसकी रचना की गई ?

(A) मुन्तखबुत तवारीख

(B) मुन्तखबुल लुबाब

(C) फतुहात-ए-आलमगिरी

(D) मासीर-ए-आलमगिरी

**44.** प्राचीन भारत की निम्नलिखित में से कौनसी मूर्तिशिल्प कला हेलेनिक कला से गम्भीर रूप से प्रभावित थी ?

(A) मौर्य कला (B) गांधार कला

(C) मथुरा कला (D) अमरावती कला

**45.** किस राज्य में सर्वाधिक लैगून पाया जाता है ?

(A) केरल (B) गुजरात

(C) महाराष्ट्र (D) तमिलानाडु

**46.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रदेश भूमि से चारों तरफ घिरा हुआ है ?

(A) गुजरात (B) पश्चिम बंगाल

(C) आन्ध्र प्रदेश (D) बिहार

**47.** स्लिंग माइक्रोमीटर द्वारा क्या मापा जाता है ?

(A) ताप (B) दाब

(C) आर्द्रता (D) इनमें से कोई नहीं

**48.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में यह कहा गया है कि "भारत के राज्यक्षेत्र में सर्वत्र व्यापार, वाणिज्य और समागम अबाध होगा" ?

(A) अनुच्छेद-300 (B) अनुच्छेद-301

(C) अनुच्छेद-302 (D) अनुच्छेद-303

**49.** संविधान के किस भाग में नीति-निर्देशक तत्वों का उल्लेख किया गया है ?

(A) तृतीय भाग (B) चतुर्थ भाग

(C) द्वितीय भाग (D) नवम भाग

**50.** निम्नलिखित में से किस अनुसूची में भारतीय राज्यों तथा केन्द्रशासित राज्यों का विवरण मिलता है ?

(A) प्रथम अनुसूची (B) द्वितीय अनुसूची

(C) चतुर्थ अनुसूची (D) पंचम अनुसूची

## भाग–III
## शैक्षणिक अभिरुचि

**51.** सही कथन को चुनिए—

(A) पाठ्यचर्या पाठ्यक्रम का हिस्सा है

(B) पाठ्यचर्या पाठयोजना का हिस्सा है

(C) पाठ्यक्रम पाठ्यचर्या का हिस्सा है

(D) पाठ्यक्रम पाठयोजना का हिस्सा है

**52.** बीसवीं शताब्दी में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत के किस प्रधानमंत्री के कार्यकाल में बनाई गई ?

(A) इन्दिरा गाँधी

(B) अटल बिहारी वाजपेयी

(C) चौधरी चरण सिंह

(D) राजीव गाँधी

**53.** शिक्षक के नाते आपका लक्ष्य है—

(A) छात्रों के हितों को ध्यान में रखना

(B) छात्रों को पढ़ाना

(C) प्रसिद्ध के लिए काम करना

(D) उच्चतम अनुशासन रखना

**54.** शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अनुसार प्राइमरी स्तर तक किसी कक्षा में शिक्षक एवं विद्यार्थियों के मध्य अनुपात होना चाहिए—

(A) 1 : 40 (B) 1 : 35

(C) 1 : 30 (D) 1 : 25

**55.** निम्नलिखित में से शिक्षक के लिए कौन-सी कुशलता परम आवश्यक है ?

(A) अत्यंत प्रतिभाशाली बच्चों को पहचानना

(B) सभी छात्रों की योग्यताओं को समझना

(C) सीखने में अयोग्य छात्रों को पहचानना

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**56.** प्रत्येक चरण में पुनर्बलन एवं पृष्ठपोषण की आवश्यकता होती है—

(A) अनुदेशन तकनीकी में

(B) व्यवहार तकनीकी में

(C) शिक्षण तकनीकी में

(D) उपर्युक्त सभी

**57.** NCERT का पूर्ण रूप है—

(A) नेशनल कमेटी ऑफ एजुकेशन रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग

(B) नेशनल काउंसिल ऑफ इकोनॉमिक रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग

(C) नेशनल काउंसिल ऑफ एजूकेशनल रिसोर्स एण्ड ट्रेनिंग

(D) नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एण्ड ट्रेनिंग

**58.** शैक्षिक परामर्श सहायक होता है—

(A) लक्ष्यों के निर्धारण में

(B) नौकरी का चयन अपनी योग्यता व रुचि के अनुसार करने में

(C) माता-पिता व छात्रों को तनाव-मुक्त करने में

(D) उपर्युक्त सभी

**59.** ............. का उपयोग अशिक्षितों से प्रदत्तों के संकलन करने में नहीं किया जा सकता।

(A) समाजमिति (B) साक्षात्कार

(C) प्रश्नावली (D) निर्धारण मापनी

**60.** शिक्षक के नाते आप उन छात्रों को पसन्द करेंगे, जो हैं—

(A) शरारती (B) समर्पित

(C) अनुशासनहीन (D) गैर–जिम्मेदार

**61.** सूक्ष्मशिक्षण लाभदायक है—

(A) किसी विषय पर व्याख्यान देने से

(B) पूरे पाठ को पढ़ने में

(C) दल शिक्षण में

(D) एक कौशल के शिक्षण में

**62.** कक्षा में विद्यार्थियों को विभिन्न सदनों में बाँटने का उद्देश्य है—

(A) सामाजिकता का विकास

(B) कार्य-विभाजन के महत्व को समझना

(C) उत्तरदायित्व लेने की आदत

(D) उपर्युक्त सभी

**63.** एक सफल शिक्षक को होना चाहिए

(A) सहनशील (B) अनुशासन प्रिय

(C) क्षमाशील (D) ये सभी

**64.** मानसिक आयु—

(A) शारीरिक आयु के साथ बढ़ती है

(B) शारीरिक आयु के साथ घटती है

(C) एक निश्चित अवधि तक बढ़ती है फिर स्थिर हो जाती है

(D) मानसिक एवं शारीरिक आयु के बीच कोई सम्बन्ध नहीं है

**65.** एक शिक्षक के तौर पर छात्रों के प्रति आपकी अभिवृत्ति होनी चाहिए—

(A) कठोर (B) प्रेमपूर्ण

(C) उदार (D) सहानुभूतिपूर्ण

**66.** अधिगम अक्षमता का मुख्य कारण है—

(A) जब जन्मजात वाम-हस्त बच्चे से बलपूर्वक दाहिने हाथ से काम लिया जाता है

(B) ज्ञान का अभाव

(C) धूम्रपान

(D) विघटित परिवार

**67.** आपके विचार में, टी. बी. पर आने वाला शैक्षिक प्रोग्राम छात्रों के लिए—

(A) कीमती समय का नष्ट होना है

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

(B) मनोरंजन का उत्तम साधन है
(C) शिक्षण की गुणवत्ता वृद्धि का साधन है
(D) शिक्षक का स्थानापन्न है

**68.** निम्नलिखित में से कौन-सा कारक बालक के अच्छे मानसिक स्वास्थ्य से सम्बन्धित है ?
(A) कठोर अनुशासन
(B) भौतिक परिस्थितियाँ
(C) निर्धनता
(D) शिक्षक का अच्छा व्यवहार

**69.** किस बालक में स्वतन्त्र चिन्तन का गुण पाया जाता है ?
(A) बुद्धिमान (B) सृजनशील
(C) सक्रिय (D) इनमें से कोई नहीं

**70.** शिक्षक–शिक्षार्थी सम्बन्ध होना चाहिए–
(A) मित्रवत्
(B) औपचारिक
(C) सद्भाव एवं सम्मानपूर्ण
(D) उदासीन

**71.** उत्तम कक्षा अनुशासन के लिए आवश्यक है–
(A) शिक्षक के द्वारा अच्छा नियन्त्रण
(B) अति उत्तम शिक्षण
(C) प्रजातन्त्रीय वातावरण
(D) शिक्षकों का आदर

**72.** कोठारी आयोग के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य होना चाहिए–
(A) संस्कृति (B) उत्पादकता
(C) साहित्य (D) इनमें से कोई नहीं

**73.** यदि शिक्षक को यह ज्ञात होता है कि जो कुछ उसने पढ़ाया है, वह छात्रों को पूर्णतः समझ में आ गया है, कहलाता है–
(A) पुनर्बलन (B) पृष्ठपोषण
(C) सामान्यीकरण (D) ये सभी

**74.** निम्नलिखित में से कौन-से परीक्षण के द्वारा छात्र एवं छात्राओं के पारस्परिक व्यवहार को ज्ञात करते हैं ?
(A) समाजमिति परीक्षण
(B) बोध परीक्षण
(C) व्यक्तित्व परीक्षण
(D) रोर्शा परीक्षण

**75.** शाला से भागने वाले छात्रों के प्रति शिक्षक का दृष्टिकोण होगा–
(A) सहानुभूतिपूर्ण (B) उदासीन
(C) कठोर (D) बदला लेने वाला

**76.** दो बच्चों ने एक ही वर्ष व एक ही माह में जन्म लिया हो, तो अवश्य ही उनकी .......... समान होगी।
(A) वास्तविक आयु (B) बुद्धि-लब्धि
(C) मानसिक आयु (D) निष्पादन आयु

**77.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक आदर्श छात्र का गुण है ?
(A) खेल एवं खेलकूद में निपुण
(B) बहुत अच्छा आचरण और बुद्धिमान
(C) नेतृत्व के गुण
(D) उपर्युक्त सभी

**78.** सृजनात्मक बालक को कम रुचि हो सकती है–
(A) सामाजिक मूल्य में
(B) सौंदर्य-विषयक मूल्य में
(C) धार्मिक मूल्य में
(D) उपर्युक्त सभी

**79.** बारह वर्ष के बालक का सामाजिक विकास करने के लिए सबसे उत्तम स्थान है–
(A) विद्यालय (B) खेल का मैदान
(C) परिवार (D) पड़ोस

**80.** आप शिक्षक बनना चाहते हैं, क्योंकि–
(A) आपको नौकरी मिल जाएगी
(B) आप सीखने-सिखाने में बहुत रुचि रखते हैं
(C) आपके अभिभावक ऐसा चाहते हैं
(D) आपके सभी मित्र शिक्षक बन गए हैं

## भाग–IV
## हिन्दी

**81.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेषण है ?
(A) निपट (B) नियम
(C) रुपया-पैसा (D) केवल

**82.** रचना के आधार पर कौन-सा वाक्य का भेद नहीं है ?
(A) सरल वाक्य (B) कर्म वाक्य
(C) संयुक्त वाक्य (D) मिश्र वाक्य

**83.** 'लंगोटी में फाग खेलना' का अर्थ है–
(A) मांगलिक कार्य करना
(B) तपस्या करना
(C) दरिद्रता में आनन्द मनाना
(D) मौज करना

**84.** भाषाई कौशल किसे कहते हैं ?
(A) जो सुनने में दक्ष हो
(B) जो सुनने और बोलने में दक्ष हो
(C) जो सुनने, बोलने और लिखने में दक्ष हो
(D) जो सुनने, बोलने, लिखने और पढ़ने अर्थात् चारों कौशलों में दक्ष हो

**85.** निम्नलिखित में से कौन-सा अर्ध-विराम का चिह्न है ?
(A) (,) (B) (?)
(C) (;) (D) (!)

**86.** निम्नलिखित में से कौन-सा भविष्यत् काल का उदाहरण नहीं है ?
(A) नौ मन तेल होगा, तो राधा नाचेगी
(B) लगता है मोहन कल आएगा
(C) आप बुलाते तो मैं अवश्य आता
(D) मोहन स्कूल जाएगा

**87.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'पश्च स्वर' है ?
(A) इ (B) ऐ
(C) ओ (D) अ

**88.** 'सूर्योदय' में कौन-सी संधि है ?
(A) विसर्ग संधि (B) दीर्घ संधि
(C) व्यंजन संधि (D) गुण संधि

**89.** 'जलज' किस प्रकार का शब्द है ?
(A) यौगिक (B) योगरूढ़
(C) देशज (D) तद्भव

**90.** 'केतु' का पर्यायवाची शब्द है–
(A) किरण (B) काजल
(C) झण्डा (D) कोयल

## भाग–V
## सामान्य अंग्रेजी

**Direction (Q. 91 to 93)**

Read the following passage carefully and answer the questions below in the context of the passage—

I believe that only one person in a thousand knows the trick of really living in the present. Most of us spend 59 minutes an hour living in the past, with regret for lost joys, or shame for things badly done (both utterly useless and weakening) or in a future which we either long for a dread. Yet the past is gone beyond repair, and every minute you spend in the vain effort to anticipate the future is a moment lost. There is only one world, the world pressing against you at this minute. There is only one minute in which you are alive, this miracle : here and now. The only way to live is by accepting every minute as an unrepeatable miracle. Which is exactly what it is : a miracle and unrepeatable.

**91.** People live either in the past or in the future—
(A) because they are in the habit of chewing the cud
(B) because they are a prey to Imaging fears
(C) because they are chained to memory and desire
(D) None of the above

**92.** What is an unrepeatable miracle ?
(A) Every moment that we live and spend
(B) To repair the past
(C) To crave for what is not
(D) None of the above

**93.** The attitude of the author is—
(A) romantic (B) classical
(C) political (D) pragmatic

**94.** Choose the most appropriate word to



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

fill in the blank in the sentence given below with word opposite in meaning to the underlined word–

Better to reign in hell than to ......... it heaven.

(A) serve (B) fall
(C) diurnal (D) spurious

**95.** Choose the correct word which very closely fits for the following expression-

One who is interested in the welfare of women.

(A) Flamboyant (B) Effeminate
(C) Feminist (D) Feminine

**96.** Choose the most appropriate match for the following—

**Preposition**

(a) at (b) in
(c) on (d) by

**Most appropriate use**

1. Latest time at which an action will be finished
2. A period of time
3. An exact point of time
4. A more general point of time

**Code :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**97.** Choose the correct sentences from the following—

1. There are just a few apples left.
2. We have only a little money.
3. There are just few apples left.
4. We have only little money.

(A) Only 1 and 2 (B) Only 3 and 4
(C) Only 1 and 3 (D) Only 2 and 4

**98.** Choose the way which is not appropriate to address people in a letter—

(A) Dear Penny
(B) Dear Ms. Hopkins
(C) Dear Penny Hopkins
(D) Dear Mr. James Carter

**99.** In the following sentence some parts have been jumbled up. Rearrange these parts which are labelled P, Q, R and S to produce the correct sequence—

I shall go.

(P) my work here (Q) to Calcutta
(R) I have finished (S) after
(A) PQSR (B) QRPS
(C) QSRP (D) PRSQ

**100.** Choose the most appropriate connector to fill in the blank in the following sentence—

It's more expensive to travel on Friday, .......... I'll leave on Thursday.

(A) so (B) than
(C) consequently (D) None of these

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform